मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2007 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 20 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 1, 1928)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री श्यामाचरण शुक्ल, मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री,
(2) श्रीमती सुखबंस कौर, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,
(3) श्री मोहम्मद अली अंसारी, भूतपूर्व राज्य सभा सदस्य,
(4) श्री नरहरी प्रसाद शर्मा, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(5) श्री महेश दत्त मिश्र, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री रमेशचन्द्र बरगले, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री रामचन्द्र परतेती, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा ;
(8) श्री रामप्रसाद अहिरवार, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा ; तथा
(9) संत श्री हिरदाराम, सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक व्यक्तित्व.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) न्यायालय फीस (मध्यप्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 1 सन् 2007), तथा

(2) मध्यप्रदेश शासकीय सेवक (अधिवार्षिकी-आयु) अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 2 सन् 2007).

4. अक्टूबर-नवम्बर, 2006 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांक के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

5. नियम 267-क के अधीन अक्टूबर-नवम्बर, 2006 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री सज्जन सिंह वर्मा, रामनिवास रावत, सदस्य, धार एवं बैतूल जिले में एकीकृत आदिम जाति विकास परियोजना के माध्यम से घटिया डीजल पंप प्रदाय किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री गजराज सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले के एम.बी.सी. केनाल पर खड़े शीशम के वृक्षों की कटाई किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 153- उदयपुरा से निर्वाचित सदस्य, श्री रामपाल सिंह द्वारा विधान सभा में अपने स्थान का त्याग करने की सूचना.

9. सभापति तालिका की घोषणा

10. वन मंत्री का वक्तव्य

श्री हिम्मत कोठारी, वन मंत्री, दिनांक 16 मार्च, 2005 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्रमांक 4491) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 19 फरवरी, 2007